श्री नरेन्द्र भगत, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–01.12.2016 (गुरूवार) को संपन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 38वीं बैठक की कार्यवाही :

1. **उपस्थिति** –संलग्न है।

   डा. मनीष रंजन, पदेन सदस्य (निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार) ने अन्य सरकारी कार्यों में अतिव्यस्त होने के कारण बैठक में अपनी उपस्थिति हेतु असमर्थता व्यक्त की; इस हेतु उन्होंने अनुपस्थिति अवकाश का अनुरोध किया, जिसकी स्वीकृति दी गई।

2. विगत 37वीं बैठक दिनांक–16.9.2016 की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

3. **कार्यसूची की मद सं.–2** : विगत बैठक दिनांक–16.09.2016 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन / कृत कार्रवाई से संबंधित प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव द्वारा समर्पित प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

अनुपालन प्रतिवेदन : क्रमांक 8:

Online Coaching की व्यवस्था विद्यालय में अबतक प्रारंभ नहीं किए जा सकने के विषय पर चर्चा के दौरान, विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में उपस्थित श्री के.के.सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, JAPIT द्वारा समिति को बताया गया कि विद्यालय परिसर के कम्प्युटरीकरण के क्रम में Dedicated Lease Line अधिष्ठापन हेतु कुछेक व्यवहारिक पहलुओं पर विचारार्थ स्थल निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के साथ समिति के कुछ सदस्यों का दिनांक–11.12.2016 को विद्यालय परिदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया। उक्त स्थल निरीक्षण के उपरांत ही तत्संबंधी अपेक्षित निदेश कार्यान्वयन एजेंसी को दिया जा सकेगा।

अनुपालन प्रतिवेदन : क्रमांक : 11(vii) :

वर्ष 2015 में विद्यालय हेतु वाटर टैंकर वाहन के क्रय में हुई अनियमितता के प्रसंग में प्राचार्य द्वारा अद्यतन स्थिति से

अवगत कराते हुए यह बताया गया कि उनके द्वारा की गई कानूनी कार्रवाई उपरांत आपूर्तिकर्त्ता मेसर्स बुधिया एजेंसी, बूटी, NH–33, राँची द्वारा एक नए वाहन की आपूर्ति नवम्बर, 2016 प्रथम सप्ताह में कर दी गयी है; पूर्व में किए गए तत्संबंधी भुगतान से कहीं अधिक नए वाहन का मूल्य होने पर भी विद्यालय प्रशासन को पूर्व में किए गए भुगतान राशि पर ही नया वाहन उपलब्ध कराया गया है।

प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि उपर्युक्त प्रकरण में प्रशासनिक चूक हेतु पूर्व विशेष कार्य पदाधिकारी (श्री प्रयाग दुबे) सहित विद्यालय के तीन कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। तीन विद्यालय कर्मियों के स्पष्टीकरण प्राप्त होने तथा श्री दुबे का स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति से अवगत कराया गया। प्राचार्य को निदेश दिया गया कि प्राप्त स्पष्टीकरणों की समीक्षा कर अपने मंतव्य सहित कार्यकारिणी समिति के सभापति के समक्ष प्रस्तुत करें; श्री दुबे को पूर्व में दिए गए स्पष्टीकरण के प्रसंग में स्मारित किया जाय।

उपर्युक्त निर्णय के साथ संदर्भित अनुपालन/कृत कार्रवाई प्रतिवेदन स्वीकृत किया गया।

4. **कार्यसूची की मद सं.–3** : विद्यालय प्रशासन के स्तर पर वित्तीय प्रबंधन तथा लेखा संधारण कार्यों की समीक्षा की गई। तदोपरान्त,

(क) आगामी वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु नेतरहाट विद्यालय समिति के बजट प्राक्कलन प्रस्ताव, राज्य सरकार द्वारा विहित समयावधि के अन्दर समर्पित किये जाने के क्रम में, प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव द्वारा प्रशासी विभाग को दिनांक–28 नवम्बर, 2016 को समर्पित किया गया। अस्तु, उसकी कार्योत्तर स्वीकृति कार्यकारिणी समिति से प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया। तदनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष हेतु गैर–योजना मद अन्तर्गत वेतन मद में 5,56,97,800/– रूपये; गैर वेतन मद में 8,12,36,300/– रूपये तथा योजना मद अन्तर्गत 15,000000/– रूपये नेतरहाट विद्यालय समिति के पक्ष में उपबंधित

किये जाने का प्रस्ताव प्रशासी विभाग को समर्पित किया गया है। समर्पित प्रस्ताव से संबंधित मदवार विस्तृत विवरण की समीक्षा बैठक में, समयाभाव के कारण, नहीं की जा सकी अतएव इस प्रस्ताव की पूर्ण समीक्षा आगामी बैठक में किये जाने का निर्णय लिया गया, उसके उपरान्त ही समर्पित बजट प्रस्ताव की कार्योत्तर स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। इसके उपरान्त, प्रावधानानुसार, बजट प्रस्ताव पर, कालक्रम में, 'समिति' के सामान्य निकाय का घटनोत्तर अनुमोदन प्राप्त किया जाना भी वांछित होगा।

(ख) विद्यालय में नवनियुक्त कर्मियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजनांतर्गत भविष्य निधि और पेंशन (NPS Architecture) लागू करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि प्रशासी विभाग से इस लम्बित विषय के शीघ्र निस्तार हेतु समुचित समन्वय तथा सामंजस्य स्थापित कर कार्रवाई की जाय।

(ग) योजना मद में पूर्व आवंटित एवं संचित सहायता अनुदान राशि से उपलब्ध ब्याज राशि के उपयोग किए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। योजना मद में प्राप्त मूल राशि विद्यालय परिसर के विभिन्न पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नवनिर्माण कार्यों सहित उनके सुसज्जन आदि पर होने वाले व्यय के वहन के निमित्त आवंटित था, अतएव उपलब्ध ब्याज राशि का उपयोग पूर्ण योजनाओं से संबंधित उपस्कर, फर्नीचर आदि के क्रय किये जाने के प्राचार्य के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। तदनुसार, प्राचार्य को निदेश दिया गया कि उक्त राशि का उपयोग वर्णित योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में उनके सुसज्जन तथा परिसम्पतियों (Durable Assets) के क्रय एवं आपूर्ति हेतु किया जाय।

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में, कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में, प्राचार्य द्वारा समर्पित पुर्नविनियोग प्रस्ताव - 'व्यवसायिक सेवाएं से 9,53,576/- रूपये की राशि दो अन्य मदों - 'कार्यालय व्यय' एवं 'विद्युत व्यय' - में क्रमशः 5,21,051/- रूपये तथा 4,32,525/- रूपये (कुल-9,53,576/-) की सभापति द्वारा दी गई स्वीकृति की कार्यकारिणी समिति द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

5. **कार्यसूची की मद सं. 4** : विद्यालय परिसर में अवस्थित पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नई संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित सहायक अभियन्ता, भवन निर्माण प्रमंडल, लातेहार (श्री कृपा नाथ चौधरी) ने समिति को अवगत कराया कि ऑडिटोरियम के मुख्य हॉल का False Ceiling के साथ-साथ Electrical wiring, Fire Alarm तथा Fire Fighting के उपकरणों के अधिष्ठापन के कार्य समाप्तप्राय हैं। हॉल के लिए निर्धारित संख्या में कुर्सियों की आपूर्ति हेतु आदेश दे दिये गये हैं। सहायक अभियन्ता द्वारा दिसम्बर, 2016 माह के अन्त तक ऑडिटोरियम विद्यालय प्रशासन को विधिवत् हस्तांतरित किये जाने की संभावना बतायी गई।

आश्रम सेट संख्या-4 के तीन आश्रमों के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण कार्य लगभग पूर्ण बताया गया तथा इनके हस्तांतरण 31 दिसम्बर, 2016 तक किये जाने की आशा व्यक्त की गई।

आश्रम सेट संख्या-2 एवं 6 के छः आश्रमों के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण कार्य प्रगति पर हैं; तथा सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि मार्च, 2017 तक वे सभी छः आश्रम विद्यालय प्रशासन को पुनः हस्तांतरित किये जा सकेंगे।

नव निर्माणाधीन आश्रम सेट संख्या-8 के तीनों आश्रमों के कार्य योजना अनुसार संचालित हैं; तथा विहित कालावधि अनुसार कार्यों की प्रगति समय पर है, ऐसा सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया।

विभिन्न जीर्णोद्धार कार्यों सहित नवनिर्माण कार्यों से संबंधित माह नवम्बर, 2016 तक का प्रगति प्रतिवेदन तथा व्यय प्रतिवेदन सहायक अभियन्ता द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया। तदनुसार, योजना मद अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में निहित राशि रू. 57,26,11,530/- (सन्तावन करोड़ छब्बीस लाख ग्यारह हजार पांच सौ तीस रूपये); प्राप्त आवंटन राशि कुल-रू. 29,20,30,000/- (उन्नतीस करोड़ बीस लाख तीस हजार रूपये) तथा अबतक कुल व्यय राशि रू. 28,57,22,000 (अठाईसी करोड़ सन्तानवे लाख बाईस हजार रूपये) प्रतिवेदित की गई है। इस प्रकार पूर्व आवंटित राशि में अवशेष राशि मात्र

रूपये 23,08,000/- (रू. 29,20,30,000 - 28,57,22,000) (तेईस लाख आठ हजार रूपये) है। सहायक अभियन्ता द्वारा यह अनुरोध किया गया कि उन्हें अतिरिक्त आवंटन शीघ्र उपलब्ध कराया जाय ताकि संचालित सभी जीर्णोद्धार तथा नवनिर्माण योजनाओं के कार्य अबाधित सुचारू रूप से पूर्ववत् संचालित हो सकें।

विमर्शोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सम्प्रति समिति के योजना मद में भारतीय स्टेट बैंक, नेतरहाट शाखा में जमा राशि में से तत्काल 2,00,00,000/- (दो करोड़) रूपये की राशि भवन प्रमंडल, लातेहार को उपलब्ध करा दी जाय। इस क्रम में, बैठक में उपस्थित सहायक अभियन्ता को निदेश दिया गया कि वे इस राशि से प्राथमिकता के आधार पर ऑडिटोरियम में कराये गये कार्यों के प्रसंग में भुगतान हेतु उपयोग करें; साथ ही आश्रम सेट संख्या-4 में कराये गये कार्यों हेतु भुगतान की कार्रवाई करें; ताकि 31 दिसम्बर, 2016 तक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ये विद्यालय प्रशासन को हस्तांतरित किये जा सकें।

प्राचार्य द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु योजना मद में स्वीकृत सहायता अनुदान की कुल राशि - रू.15,00,00,000/- (पन्द्रह करोड़ रूपये) की विमुक्ति प्रशासी विभाग द्वारा विगत दिनों, लोहरदगा जिला कोषागार के माध्यम से निकासी हेतु, 'समिति' को करायी जा चुकी है। यह भी बताया गया कि तत्संबंधी आवश्यक प्रक्रियात्मक कार्रवाई प्राचार्य द्वारा की जा रही है ताकि समयानुसार भवन प्रमंडल को अतिरिक्त आवश्यक राशि, संचालित योजनाओं के प्रसंग में, उपलब्ध करायी जा सके।

6. **कार्यसूची की मद सं. 5 :** नेतरहाट विद्यालय के C.B.S.E नई दिल्ली से संबद्धन से संबंधित वर्ष 2014 में समर्पित आवेदन की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। बताया गया कि C.B.S.E कार्यालय द्वारा की गई पृच्छा के क्रम में कार्रवाई प्रशासी विभाग में प्रक्रियारत है। इस दृष्टि से प्रशासी विभाग द्वारा विगत माह प्राचार्य से, संदर्भित पूर्व समर्पित आवेदन के प्रसंग में, प्रस्ताव के 'गुण-अवगुण' की समीक्षा कर मंतव्य मांगे जाने को अनावश्यक बताया गया। बैठक में अनौपचारिक तौर पर यह भी बताया गया कि प्रशासी विभाग द्वारा C.B.S.E की पृच्छा के क्रम

में राज्य सरकार के विधि विभाग तथा वित्त विभाग द्वारा मंतव्य संसूचित किये जा चुके हैं; कार्मिक विभाग का मंतव्य प्रतीक्षित बताया गया। अतएव यह निर्णय लिया गया कि प्रशासी विभाग इस पर विशेष पहल करते हुए इस चिरलम्बित विषय का शीघ्र समाधान करे; क्योंकि पूर्व में, वर्णित विषय पर, नेतरहाट विद्यालय समिति – सामान्य निकाय तथा कार्यकारिणी समिति – इस प्रकार दोनों स्तरों पर लिये गये निर्णयों के अनुपालन में ही विद्यालय प्राचार्य द्वारा विधिवत् आवेदन जून, 2014 में C.B.S.E कार्यालय, नई दिल्ली को समर्पित किया गया था।

7. **कार्यसूची की मद सं. 6** : नेतरहाट विद्यालय की स्थापना दिवस 15.11.2016 को प्रस्तुत प्राचार्य का वार्षिक प्रतिवेदन – 2015–16 – तथा सभापति, कार्यकारिणी समिति का समेकित त्रैवार्षिक प्रतिवेदन –17 दिसम्बर, 2013 से 15 नवम्बर, 2016 तक – के प्रस्तुतीकरण बैठक में किये गये। विचारोपरान्त, प्रतिवेदनों को अंगीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

8. **कार्यसूची की मद सं. 7** : कार्यकारिणी समिति को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा संचालन का प्रभार प्रशासी विभाग द्वारा इस वर्ष सुपुर्द किए जाने के क्रम में की गई कार्रवाई विषयक प्रतिवेदन पर, तथा परीक्षा–संचालन के लिए अपेक्षित अग्रिम कार्रवाई हेतु, विचार–विमर्श किया गया। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि सभी आवेदन राज्य के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त किये जाने की पद्धति, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेश में, अपनाई गई है; अन्तिम तिथि पूर्व में 30 नवम्बर, 2016 घोषित थी जिसे बढ़ाकर 15 दिसम्बर, 2016 तक किया गया है। यह भी बताया गया कि विद्यालय स्तर पर तत्संबंधी सारी गतिविधियां संचालित तथा विनियमित किये जाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई प्रक्रियारत है। इस पर होने वाले अतिरिक्त व्यय हेतु – IIT etc. प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग की व्यवस्था, कौशल विकास और Career Counseling आदि के लिए आवश्यक राशि को मिलाकर – द्वितीय अनुपूरक मांग के माध्यम से आवश्यक राशि 1,0000000/–(एक करोड़ रूपये) की मांग प्रशासी विभाग को 26.11.2016 को समर्पित की गई।

9. **कार्यसूची की मद सं. 8** : कार्यकारिणी समिति द्वारा विद्यालय प्रशासन के समुचित सहयोगार्थ विभिन्न उपसमितियों के गठन हेतु विचार-विमर्श किया गया। तदनुसार, विषयवार, निम्नलिखित उप समितियों के विधिवत् गठन हेतु समर्पित प्रस्तावों के अनुमोदन किये गये :

(क) नेतरहाट विद्यालय के अतिथिगृहों के प्रशासन एवं प्रबंधन की उप समिति।

(ख) नेतरहाट विद्यालय में कृषि शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु स्थापित इकाईयों के उचित प्रशासन एवं प्रबंधन हेतु उप समिति।

(ग) नेतरहाट विद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रमों के उचित प्रशासन एवं प्रबंधन हेतु उप समिति।

(घ) नेतरहाट विद्यालय विकास कोष के उचित प्रशासन तथा प्रबंधन हेतु उप समिति।

प्रस्तावित उपर्युक्त चारों उप समितियों के प्रसंग में गठित तत्संबंधी प्रत्येक के उप नियम-2016 से संबंधित प्रारूप बैठक में प्रस्तुत किये गये जिन्हें विचारोपरान्त तथा आवश्यकतानुसार, अल्प संशोधन उपरान्त, अनुमोदित किये गये।

प्राचार्य को यह निदेश दिया गया कि गठित उप समितियों के प्रसंग में प्रत्येक के लिए निरूपित उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित/अनुमोदित संरचना के अनुसार उन्हें शीघ्र गठित कर लें ताकि गठित समितियों के कार्य संचालन विधिवत् शीघ्र प्रारंभ किये जा सके।

10. **कार्यसूची की मद संख्या 9** :

नेतरहाट विद्यालय पर एक लघु वृत्तचित्र निर्माण हेतु सुपुर्द कार्य से संबंधित एजेंसी द्वारा निर्मित वृत्तचित्र समिति के सदस्यों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शन उपरांत सदस्यों द्वारा कतिपय संशोधन किए जाने के सुझाव दिए गए तथा संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि वे शीघ्र निर्मित लघु वृत्तचित्र, संशोधित स्वरूप में, विद्यालय प्रशासन को समर्पित करेंगे।

विद्यालय के वेबसाईठ के नए सिरे से गठन हेतु चयनित एजेंसी द्वारा समर्पित Web Designs के प्रारूप की बैठक में समीक्षा की गई तथा निर्णय हुआ कि तत्संबंधी सभी कार्यों को पूरा करते हुए चयनित एजेंसी

द्वारा दिसम्बर, 2016 माह में ही उसके Launch किए जाने की कार्रवाई की जाय।

11. **कार्यसूची की मद संख्या : 11(iv)** : विद्यालय में नव-नियुक्त तीन शिक्षकों - श्री राकेश कुमार, श्री सिलवेस्टर मुर्मू एवं श्री ओम प्रकाश तियु - की विहित परीक्ष्यमान अवधि के समापन उपरान्त, सभापति द्वारा उनकी सेवा संपुष्टि विषयक निर्णयों को कार्यकारिणी समिति द्वारा संपुष्ट (Ratify) एवं स्वीकार किये गए।

12. **कार्यसूची की मद संख्या : 11(v)** : 30 नवम्बर, 2016 को विद्यालय के Fine Art विषय के शिक्षक के एकल रिक्त पद पर Screened Candidates की कार्यकारिणी समिति द्वारा गठित चयन समिति की अभ्यर्थियों की अन्तर्वीक्षा आधारित गठित अनुशंसा का बैठक में अनुमोदन किया गया। प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव को निदेश दिया गया कि चयन समिति की अनुशंसा के क्रम में अपेक्षित अग्रेतर कार्रवाई शीघ्र करेंगे।

उसी प्रकार, 01 दिसम्बर, 2016 को विद्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी के एकल रिक्त पद पर Screened Candidates की कार्यकारिणी समिति द्वारा गठित चयन समिति की अभ्यर्थियों की अन्तर्वीक्षा आधारित गठित अनुशंसा का बैठक में अनुमोदन किया गया। इस क्रम में अपेक्षित अग्रेतर कार्रवाई शीघ्र किए जाने का प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव को निदेश दिया गया।

13. बैठक की कार्यसूची में पूर्व संसूचित कार्यसूची की मद संख्या- 10 तथा 11 अन्यान्य : (i) तथा (iii) पर, समयाभाव के कारण, बैठक में विचार-विमर्श नहीं किये जा सके। अतएव यह निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक में उन्हें पुनः कार्यसूची में दर्ज करते हुए प्रस्तुत किया जाय। तदनुसार, निम्नलिखित विषयों को आगामी बैठक की कार्यसूची में सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता होगी :

(क) विद्यालय परिसर स्थित शैले के विद्यालय प्रशासन को पुनः हस्तांतरण से संबंधित मामला।

(ख) अन्यान्य : नेतरहाट विद्यालय सहित समिति कार्यालय, रांची हेतु अतिरिक्त पदों – शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कार्मिकों – के सृजन हेतु प्रशासी विभाग को समर्पित प्रस्ताव के क्रम में अद्यतन प्रगति की समीक्षा।

(ग) पूर्व विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री प्रयाग दुबे द्वारा अपने कार्यकाल में वित्त विभागीय अनुदेश के विपरीत मानदेय एवं अन्य भत्तों के रूप में लिए गए अधिकाई भुगतान (रू. 8,62,813/–) की वापसी से संबंधित गतिरोध की स्थिति की समीक्षा।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

6.12.2016

(नरेन्द्र भगत)
सभापति
कार्यकारिणी समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति
रांची

नेतरहाट विद्यालय समिति

झारखण्ड सरकार

नेतरहाट विद्यालय समिति, कार्यकारिणी समिति की, दिनांक–01.12.2016 को आहूत 38वीं बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा०प्र०से० (सेवा निवृत्त)	अग्रवाल नर्सिंग होम के सामने बरियातू रोड, राँची।	सभापति	1.12.2016
2.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची।	सदस्य	
3.	डा.मनीष रंजन, भा०प्र०से०	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	—
4.	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी० 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची।	सदस्य	01/12/16
5.	डा० अमलेन्दु शेखर मित्रा	मातृछाया, दिव्यायन के दक्षिण, मोरहाबादी, राँची।	सदस्य	01/12/16
6.	श्री राजू रंजन राय, उप सचिव, वित्त विभाग	वित्त विभाग का प्रतिनिधि, प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य।	सदस्य	1/12/16
7.	श्री विन्ध्याचल पाण्डेय	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	01/
8.	श्री कृपा नाथ चौधरी	सहायक अभियन्ता, भवन अवर प्रमंडल, नेतरहारट	विशेष आमंत्रित	01/12/16.
9.	श्री के.के.सिन्हा	मुख्य कार्यपालक ~~अभियन्ता~~, जैप.आई.टी. प्रतिनिधि	विशेष आमंत्रित	